# निगम आयुक्त ने किया उद्यानों का औचक निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रातः भ्रमण के दौरान मैत्री विहार एवं संजय तालाब उद्यान का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उद्यानों की साफ–सफाई, सिंचाई व्यवस्था को देखे। वहां उपस्थिति उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए कि उद्यानों में साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। वहां लगाए गए शोभायमान पेड़–पौधे गर्मी में न सूखे इसके लिए पर्याप्त सिंचाई किया जाए। प्रतिदिन अलग–अलग जोन क्षेत्र के उद्यानों का मानिटरिंग करते रहे। जिस वृक्ष की डालियां ज्यादा झूके हुए है, उसे कटवा दिया जावे। जिससे तेज हवा के दबाव से डालियां न टूटे और किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उद्यानों में प्रतिदिन बुर्जुग नागरिक टहलने, घूमने, व्यायाम करने आते रहते है, इसके साथ ही आस–पास के बच्चे भी खेलने आते है। उनको किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए टूटे हुए झूलो का संधारण कराने को कहे। आयुक्त पाण्डेय ने शरीर और दिमाग को चुस्त, दुरूस्त रखने के लिए मोबाईल की दुनिया से हटकर उद्यान के अंदर क्रिकेट खेल रहे मासूम बच्चों को देखे। तो उनके कहे बच्चो आउटडोर गेम खेलने पर ज्यादा ध्यान दीजिए। इससे खेल के साथ–साथ शरीद मजबूत होता है और दिमाक भी तेज होता है। इन खेलो के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय खेलो में आगे बढ़ने में मदद मिलता है। आयुक्त ने उद्यान अधिकारी से कहे निगम के जितने भी उद्यान है और जिन उद्यानों के ग्रील, फैसिंग, पाथवे, नल टूटे एवं खराब अवस्था में है। उसको जल्द से जल्द संधारण कराया जावे, जिससे स्थानीय नागरिको को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। यह भी कहे कि कुछ माह पश्चात वर्षाऋतु का आगमन होने वाला है, इसके पूर्व उद्यानों में जहां पानी भराव की स्थिति बनती हो उसमें मिटटी डलवाकर सही कर दिया जाए। जिससे वहां बरसाती पानी का भराव न हो।

